प्रेसनोट, दिनांक 08.03.2026
थाना बीघापुर, जनपद उन्नाव

"ऑपरेशन मुस्कान"

उन्नाव पुलिस की तत्परता से 15 घंटे में लापता बालक सकुशल बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बीघापुर के नेतृत्व में थाना बीघापुर पुलिस द्वारा गुमशुदा 13 वर्षीय बालक को 15 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

दिनांक 07.03.2026 को वादी योगेन्द्र सिंह पटेल निवासी ग्राम शिवदीन खेड़ा, थाना बीघापुर जनपद उन्नाव द्वारा थाना बीघापुर पर तहरीरी सूचना दी गई कि उनका पुत्र उम्र लगभग 13 वर्ष दिनांक 07.03.2026 को प्रातः लगभग 08:00 बजे लक्ष्मीनारायण पब्लिक स्कूल, बीघापुर पढ़ने के लिए गया था। विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य से जानकारी प्राप्त हुई कि वह दोपहर लगभग 02:40 बजे विद्यालय से बाहर निकला, परंतु घर नहीं पहुंचा। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बीघापुर पर मु0अ0सं0 53/2026 धारा 137(2) BNS के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर बच्चे की तलाश प्रारम्भ की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव श्री जय प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी बीघापुर श्री मधुपनाथ मिश्रा के नेतृत्व में तत्काल एक पुलिस टीम गठित की गई, जिसमें थाना प्रभारी बीघापुर श्री राजपाल, उपनिरीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह, का0 आदित्य कुमार, का0 संजय यादव, का0 चालक सरनाम यादव को लगाया गया। गठित टीम द्वारा बच्चे की तलाश हेतु विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी कैमरों की जांच, स्थानीय लोगों से पूछताछ तथा अन्य तकनीकी/मानवीय माध्यमों से सघन खोजबीन की गई।

पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए लगभग 15 घंटे के अंदर उक्त बच्चे को हड़हा क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामद बच्चे को विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे की सकुशल बरामदगी पर परिजनों द्वारा उन्नाव पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। उन्नाव पुलिस जनपदवासियों की सुरक्षा के प्रति सतत प्रतिबद्ध है।